

MY BUDDY
SESSION: 2026-27
SUBJECT: HINDI
CLASS: III
TERM - 1 & 2
SERVICE BEFORE SELF
DELHI PUBLIC SCHOOL
A
B C

# अनुक्रमणिका ( INDEX )

## TERM - 1


| क्रमांक | गतिविधि का प्रकार | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कला एकीकृत अधिगम (AIL)<br>Art Integrated Learning Activity | 3 |
| 2 | विषय संवर्धन गतिविधि (SEA)<br>Subject Enrichment Activity | 3 |
| 3 | CBE WORKSHEET | 3 |
| 4 | प्रश्न बैंक (Question Bank)<br>Important Questions | 4 |
| 5 | पुनरावृत्ति (Revision)<br>PT-1 Revision Work | 18 |
| 6 | अर्द्ध वार्षिक परीक्षा अभ्यास पत्र<br>Half Yearly Exam Practice Paper | 21 |
| **TERM - 2** | | |
| 7 | विषय संवर्धन गतिविधि (SEA)<br>Subject Enrichment Activity | 27 |
| 8 | कला एकीकृत अधिगम (AIL)<br>Art Integrated Learning Activity | 27 |
| 9 | CBE WORKSHEET | 27 |
| 10 | प्रश्न बैंक (Question Bank)<br>Important Questions | 28 |
| 11 | पुनरावृत्ति (Revision)<br>PT-2 Revision Work | 46 |
| 12 | वार्षिक परीक्षा अभ्यास पत्र (Exam Practice)<br>Annual Exam Practice Paper | 49 |


DPS GANDHINAGAR

## ***SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY (SEA)***

गुजरात राज्य के प्रसिद्ध मंदिर और पर्यटन स्थलों पर एक चित्रात्मक परियोजना तैयार कीजिए|

**अंक विभाजन**

**चित्र चिपकाना - 5 अंक**

**स्थलों के नाम लिखना तथा समग्र प्रभाव - 5 अंक**

## ***ART INTEGRATED LEARNING (AIL)***

**अपने आस-पास दिखने वाले दृश्य का एक सुंदर चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए|**

**अंक विभाजन**

**सुंदर दृश्य बनाना - 5 अंक**

**रंग भरना - 5 अंक**

DPS GANDHINAGAR

## Worksheet - 1

**वर्ग-पहेली**

# QUESTION BANK

## पाठ -1 सुंदर पास-पड़ोस बनाओ




1 देखो क्या कहती हैं कलियाँ- इस वाक्य के अनुसार कलियाँ हमें क्या कह रही हैं?

i. आगे बढ़ो| ii. हँसो और मुसकाओ|

iii. साफ़ मन रखो| iv. रोओ और जलाओ|

2 देखो क्या कहतीं हैं नदियाँ, हर दम आगे बढ़ते जाओ| इस पंक्ति के अनुसार मनुष्य के किस गुण को बताया गया है?

i. आलस ii. स्वाभिमान

iii. मेहनत iv. कुछ भी नहीं

3 शीतल करो सदा ही सब को- इस पंक्ति का क्या संदेश है?

i. ठंडा पानी पिलाओ| ii. मीठी वाणी से सब का मन मोह लो|

iii. बर्फ़ का पानी गिराओ| iv. सभी विकल्प सही हैं|

4 'पेड़-पौधे' किसे सुंदर बनाते हैं?

i. आसमान को ii. नदियों को

iii. धरती को iv. हवा को

5 कविता की वे पंक्तियाँ छाँटकर लिखिए- जिनमें अंधकार से न घबराने की बात कही गई है|

DPS GANDHINAG

## पाठ - 3 समय-यात्रा





1 'समय-यात्रा' पाठ में आरव, मीरा, आदित्य और सिया का आपस में क्या रिश्ता था? **(CASE BASED)**

i. दोस्ती का ii. भाई-बहन का

iii. अजनबी का iv. कोई रिश्ता नहीं

2 "चलो, इसे चालू करके देखते हैं|" यह बात किसने कही?

i. मीरा ii. आरव

iii. आदित्य iv. सिया

3 बच्चे अचानक एक उजले घेरे में गायब हो गए| बच्चों के गायब होने का क्या कारण था?

i. पंखे का बटन दबाना| ii. पुरानी घड़ी का बटन दबाना|

iii. जादू का असर होना| iv. आपस में लड़ाई होना|

4



दिए गए चित्र के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **(PICTURE BASED)**

DPS GANDHINAGAR

(क) बैलों को चलाने वाले आदमी को क्या कहते हैं?

(ख) बैलों से हल चलाकर वह क्या तैयार कर रहा है और क्यों?

5 कथन- आदित्य एक और चीज़ देखकर चौंक गया|

कारण -लोग पत्थरों से बरतन बना रहे थे|

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iii) कथन सही है किंतु कारण गलत है|

(iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है|

## पाठ - 4 प्रकृति-संदेश



1 'प्रकृति-संदेश' कविता के अनुसार किसे हमारा गुरु बताया गया है?

i. आसमान को ii. प्रकृति को

iii. गुरुदेव को iv. सोहन लाल को

2 कथन-तुम भी ऊँचे बन जाओ- ऐसा संदेश पर्वत देते हैं|

कारण- उन्हें ज्ञान देना अच्छा लगता है|

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iii) कथन सही है, किंतु कारण गलत है|

(iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है|

DPS GANDHINAGAR

3 मन में गहराई लाओ- प्रकृति के किस उपादान(वस्तु) द्वारा गहराई का संदेश मिलता है?

4 पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो- इस वाक्य में किस शब्द का अर्थ धीरज या सब्र है?

5 जहाँ जाओगे, मुझे पाओगे
नीले रंग का हूँ, ढक सकता हूँ सारा संसार | बूझो मेरा क्या है नाम?

i. नदी ii. आकाश

iii. पेड़ iv. पर्वत

## पाठ- 5 सबसे बड़ा आशीर्वाद



1 मेरे माता-पिता मुझसे बहुत प्यार करते हैं- इस वाक्य में ‘मेरे’ और ‘मुझसे’ शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

i. माता के लिए ii. पिता के लिए

iii. नेहा के लिए iv. माता-पिता के लिए

2 मेरी मम्मी का नाम सरिता है| वे घर का हर काम इतनी अच्छी तरह से करती हैं कि कोई देखकर हैरान रह जाए| वे रसोई में काम करते समय मसालों और दालों को छूकर और सूँघकर पहचान लेती हैं| एक दिन मैंने पूछा, “मम्मी, आपको कैसे पता चलता है कि नमक कितना डालना है?” **(CASE BASED)**

(क) मम्मी का नाम क्या है?

(ख) सरिता मसालों और दालों की पहचान कैसे करती है?

(ग) गद्यांश में से उस शब्द को छाँटकर लिखिए- जिससे सब्ज़ी नमकीन बनती है और उसके बिना स्वाद भी नहीं आता है|

3 नेहा, कभी हार मत मानना| इस वाक्य में से 'जीत' शब्द का विलोम शब्द छाँटकर लिखिए|

4 


**(Picture Based)**

(क) जो लोग देख नहीं सकते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

i. नेत्रदीन ii. नेत्रहीन

iii. नावहीन iv. चंचल

(ख) जो लोग देख नहीं सकते हैं, वे किताबें पढ़ने के लिए किस लिपि का प्रयोग करेंगे? उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए|

रोमन लिपि ब्रेल लिपि

(ग) ब्रेल लिपि का आविष्कार किसने किया था? उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए|

लुई ब्रेल सुई ट्रेल

5 'स्वयं पर निर्भर रहना' इस अर्थ के लिए किस शब्द का प्रयोग कर सकते हैं?

i. आत्मसम्मान ii. आत्मनिर्भर


iii. आत्मीयता iv. आत्मविश्वास

6 पाठ में बच्चों की दुनिया का सबसे बड़ा आशीर्वाद किसे बताया गया है?

7 नेहा डॉक्टर बनकर दूसरों की मदद करना चाहती है, और ऐसे कौन-कौन से लोग होते हैं जो अपने कार्यों द्वारा दूसरों की सेवा करते हैं? किन्हीं दो के नाम लिखिए|

DPS GANDHINAGAR

## पाठ - 6 मैंने रंग बनाए



1 इस चित्र को सुंदर बनाने के लिए आप क्या करेंगे? अपने ज्ञान के आधार पर उस वस्तु का प्रयोग कर सुंदर बनाइए| **(Picture Based)**

2 रंगों से जुड़े त्योहार का नाम लिखिए| खाने में पीला रंग डालने के लिए किस मसाले का प्रयोग किया जाता है?

3 रवि ने किस रंग को बनाने के लिए किस वस्तु का प्रयोग किया था, सही शब्द से मिलान कीजिए -

| | |
|---|---|
| i. पीला रंग | (क) पत्ते |
| ii. गुलाबी रंग | (ख) टमाटर |
| iii. लाल रंग | (ग) नीले फूल |
| iv. हरा रंग | (घ) हल्दी |
| v. नीला रंग | (ड.) चुकंदर |

(i) ------ (ii) ------ (iii) ------- (iv) ------- (v) -------

5 अगले दिन रवि ने अपना चित्र स्कूल में दिखाया| शिक्षिका ने कहा, "वाह! रवि यह तो सबसे अनोखा चित्र है| तुमने इन रंगों को कैसे बनाया?" रवि ने गर्व से कहा, "मैंने और माँ ने मिलकर ये रंग रसोई और बगीचे से बनाए| **(CASE BASED)**

(क) शिक्षिका ने रवि के चित्र को 'अनोखा' क्यों कहा होगा?

i. रवि ने महँगे रंगों का प्रयोग    ii. चित्र घर पर बनाया गया था|

किया था|

iii. चित्र बड़ा और सुंदर था|

iv. चित्र में रंग भरने के लिए प्राकृतिक वस्तुओं का प्रयोग किया गया था|

(ख) रवि ने किसके साथ मिलकर रंग बनाए?

4 रंगों के लिए माँ और रवि सबसे पहले घर के कौन-से स्थान पर गए?

5 रवि ने लाल रंग के लिए किसका प्रयोग किया?

i. चुकंदर ii. टमाटर iii. पत्ते iv. हल्दी

## <u>हिंदी व्याकरण</u>

### <u>भाषा और व्याकरण</u>




1 ईश्वर ने पृथ्वी पर मनुष्य को बोलने का वरदान दिया है, इस वरदान के लिए हम जिस माध्यम का प्रयोग करते हैं, उसका नाम लिखिए|

2 अगर मेरे पास भाषा नहीं है तो मैं अपनी बात बताने के लिए किसका प्रयोग करुँगी?

3 भारत में सबसे ज़्यादा कौन-सी भाषा बोली और समझी जाती है?

4 THIS IS MY HOUSE. यह वाक्य किस भाषा में लिखा गया है?

5 चित्र को देखकर उसका राज्य पहचानिए तथा उस राज्य में बोली जाने वाली भाषा लिखिए| **(PICTURE BASED)**

(क) 

--------------------------

DPS GANDHINAGAR

(ख)  --------------------------

6 बालक संगीत सुन रहा है- इस वाक्य से भाषा के कौन-से रूप का पता चलता है?

7 रीता मराठी भाषा बोलती और समझती है । रीता किस राज्य की रहने वाली है?

8 भाषा का मौखिक रूप किसमें मिलता है?

i. पुस्तक ii. मोबाइल फोन

iii. समाचार - पत्र iv. पत्र

9 चित्र के आधार पर भाषा का रूप पहचानिए - **(PICTURE BASED)**

(क)  ____________________

(ख) 

____________________




<u>संज्ञा</u>

**1** किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को क्या कहते हैं?

**2** रेखांकित शब्द क्या हैं- व्यक्ति,वस्तु, स्थान या भाव? लिखिए|

DPS GANDHINAGAR

(क) **<u>सोनाली</u>** को गुड़िया से खेलना पसंद है।  ------------------

(ख) मेरे **<u>विद्यालय</u>** में चारों ओर हरियाली है।  ------------------

(ग) आम में **<u>मिठास</u>** है|  -------------------

3 संज्ञा के आधार पर अलग शब्द को गोला लगाइए-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | भारत | नेपाल | दादा | अमेरिका |
| (ख) | शेर | कलम | हाथी | चीता |
| (ग) | राजा | रानी | लड़की | मोर |

4 दिए गए वाक्यों को उचित संज्ञा शब्द चुनकर पूरा कीजिए।

(क) रामायण एक धार्मिक ________________है| (पुस्तक / फल)

(ख) आकाश में _______________ उड़ रहे हैं। (पंखा / पक्षी)

5 नीचे दी गई व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के लिए जातिवाचक संज्ञा शब्द लिखिए :-

(क) अमेरिका, कनाडा, भारत - ___________________

(ख) हिमालय, अरावली, सतपुड़ा -_______________________

DPS GANDHINAGAR



**<u>लिंग</u>**

**1** <u>पिता</u> ने मुझे और <u>मेरी बहन</u> को कमरे में बुलाया| इस वाक्य में आए रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए|

**2** निम्न शब्दों के लिंग की पहचान कर लिखिए :-

(क) कटोरी

(ख) गिलास

(ग) बस

3 उचित शब्द से वाक्य पूरे कीजिए -

(क) जिस रूप से स्त्री जाति का बोध हो, उसे ______________ कहते हैं|(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)

(ख) हाथी और _________ तालाब किनारे खड़े थे| (हाथी का स्त्रीलिंग रूप)

(ग) ____________ पौधे लगा रहा है| (मालिन / माली )

(घ) मेरी _________ मुंबई में रहती हैं| (मौसाजी / मौसीजी)

4 समूह से अलग (लिंग वाले) शब्द पर x लगाइए|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | शेर | मोरनी | घोड़ा | बाघ |
| (ख) | माली | मालकिन | हंसिनी | चुहिया |
| (ग) | पंखा | चाबी | ताला | पंख |

5 वाक्य में आई क्रिया शब्दों से लिंग की पहचान कीजिए :-

(क) चाय गरम हो रही है|

(ख) तालाब सूख गया है|

**वचन**




1 संज्ञा शब्दों की संख्या बताते हैं, बोलो बच्चों हम क्या कहलाते हैं?

**2** निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलकर लिखिए -

(क) केला का बहुवचन - ______________________

(ख) छाते का एकवचन - ______________________

(ग) रोटी का बहुवचन - ______________________

(घ) गुड़ियाँ का एकवचन - ______________________

3 रेखांकित गलत शब्द के स्थान पर सही शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए :-

संख्या एक होने पर <u>बहुवचन</u> का पता चलता है| एक से अधिक संख्या होने पर <u>एकवचन</u> का पता चलता है|

4 एकवचन से बहुवचन में बदलते समय कुछ संज्ञा शब्दों के रूप नहीं बदलते, ऐसे ही शब्द का चयन कीजिए|

DPS GANDHINAGAR

i. तितली

ii. पेड़

iii. पंखा

iv. दवाई

5 चित्रों को देखकर उनके एकवचन और बहुवचन शब्द लिखिए - **(PICTURE BASED)**

(क)



_______________ _______________

(ख)



_______________ _______________

(ग)



--------------------------- -----------------------

(घ)



_______________ _______________

DPS GANDHINAGAR

# सर्वनाम




1 संज्ञा शब्दों का प्रयोग बार-बार नहीं करने के लिए हम जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

i. वचन ii. सर्वनाम

iii. संज्ञा iv. लिंग

2 मैं अभी खेल रहा हूँ- रेखांकित शब्द का बहुवचन लिखिए|

3 उन शब्दों को गोला कीजिए, जो सर्वनाम नहीं हैं:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | ये | वह | में | तुम्हारा |
| (ख) | इनको | उसका | पैसा | कुछ |
| (ग) | आगरा | आप | अपना | इन्होंने |

4 नीचे कुछ संज्ञा तथा सर्वनाम शब्द मिल गए हैं- उन्हें अलग-अलग कीजिए :-

कोयल उन्होंने पेड़ क्या कोई कमीज़ मंदिर तुम्हारा

सर्वनाम - ________ ____________ ____________ ____________

5 रेखांकित संज्ञा शब्दों की जगह सर्वनाम लिखकर वाक्य लिखिए -

(क) समर्थ जयपुर गया है| समर्थ कल आएगा|

(ख) रमेश ने रमेश के दोस्तों को घर बुलाया|

(ग) एक किसान था| किसान के चार बेटे थे|

(घ) राहुल और रोहित अच्छे दोस्त हैं| राहुल और रोहित हमेशा साथ रहते हैं|

DPS GANDHINAGAR

6 सही सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए|

(क) __________ भाई का नाम रोशन है| (मेरे, तुम, हमारा)

(ख) __________ विद्यालय कल जाएगा| (वह, उसे, मुझे)

## विशेषण



1 दिए गए चित्र के आधार पर वाक्य पूर्ति विशेषण शब्दों से कीजिए- **(PICTURE BASED)**

(क) आज रीमा का जन्मदिन है| वह __________ से पार्क में अपना जन्मदिन मना रही है| उसने अपने सभी __________ दोस्तों को भी वहाँ पर बुलाया है| मोहित उसके लिए _________ केक लाया है| सभी उसके लिए ____________ उपहार लाए हैं| बगीचे में ___________ गुब्बारे लगे हुए हैं| __________ आसमान में _____________ बादल सैर कर रहे हैं|



(ख) जिराफ़ एक _______________ जानवर है| इसकी गरदन ____________ होती है| इसे ____________ पत्तियाँ खाना पसंद होती हैं|

2 संज्ञा सर्वनाम शब्दों की विशेषता जो बतलाए, बोलो बच्चों वह क्या कहलाए?

संज्ञा वचन क्रिया विशेषण

**3** चित्र के लिए उचित विशेषण शब्द का चयन कीजिए -

(क)  मीठा कड़वा सुंदर

(ख)  विशाल छोटा तीन

(ग)  लंबा गरम हरा

4 गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विशेषण शब्दों में लिखिए| **(CASE BASED)**

एक बड़ा और सुंदर बगीचा था। उसमें लाल और गुलाबी गुलाब के फूल खिले थे। बगीचे के कोने में एक आम का ऊँचा पेड़ था, जिस पर मीठे आम लगे थे। एक छोटा बच्चा रंगीन तितलियों के पीछे दौड़ रहा था। वहाँ एक सफेद खरगोश भी उछल-कूद कर रहा था। बगीचा बहुत साफ और शांतिपूर्ण था।

(क) बगीचा कैसा था?

(ख) आम के ऊँचे पेड़ पर कैसे आम लगे थे?

(ग) छोटा बच्चा कैसी तितलियों के पीछे दौड़ रहा था?

(घ) खरगोश का रंग कौन-सा था?

(ड.) 'लाल' शब्द का वाक्य प्रयोग कीजिए|

5 सही विशेषण का चयन कीजिए -

(क) राहुल के तीन गुब्बारे थे, हवा आने पर जिसमें से दो गुब्बारे उड़ गए| बताओ अब राहुल के पास कितने गुब्बारे बचे?

तीन दो एक कुछ भी नहीं

(ख) मैं एक फल हूँ और फलों का राजा कहलाता हूँ| गर्मियों के मौसम में आता हूँ| सभी मुझे बड़े चाव से खाते हैं| मुख्यतः पीले व हरे रंग का होता हूँ| मुझसे अचार भी बनाया जाता है|

सेब केला तरबूज आम

DPS GANDHINAGAR

# Periodic Test-1 Revision

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 4X1=4**

एक जंगल में चीकू नाम का एक छोटा खरगोश रहता था। उसे गाजर खाना बहुत पसंद था। एक दिन चीकू को खेत में एक बहुत बड़ी और लाल गाजर दिखाई दी। वह उसे निकालने की कोशिश करने लगा, लेकिन गाजर ज़मीन के बहुत अंदर थी। चीकू ने अपने मित्र गोलू बंदर को मदद के लिए बुलाया। दोनों ने मिलकर ज़ोर लगाया और गाजर बाहर आ गई। चीकू बहुत खुश हुआ। उसने गाजर के दो हिस्से किए और आधी गाजर गोलू को दे दी। दोनों ने मिल-जुलकर मज़े से गाजर खाई। चीकू समझ गया कि मिल-जुलकर काम करने से हर मुश्किल आसान हो जाती है।

(क) जंगल में चीकू नाम का कौन रहता था?

(ख) चीकू को क्या खाना पसंद था?

(ग) चीकू को एक दिन खेत में क्या दिखाई दी?

| | |
|---|---|
| i. साँप | ii. गाजर |
| iii. बंदर | iv. मोरनी |

(घ) खेत में दिखी गाजर किसने खाई?

| | |
|---|---|
| i. गोलू बंदर ने | ii. चीकू खरगोश ने |
| iii. बंदर और खरगोश ने | iv. किसी ने भी नहीं |

**प्रश्न 2 चित्र के आधार पर बताइए कि भाषा के किस रूप का प्रयोग हुआ है- 3X1=3**

(क)  मौखिक लिखित

DPS GANDHINAGAR

(ख)  मौखिक लिखित

(ग)  मौखिक लिखित

**प्रश्न 3 निर्देशानुसार उत्तर का चयन कीजिए - 3X1=3**

(क) बगीचे में कई पेड़ हैं- इस वाक्य में आए संज्ञा शब्दों को चुनकर लिखिए|

(ख) चित्र को देखकर उसका नाम लिखिए तथा बताइए कि शब्द क्या है- व्यक्ति, वस्तु, स्थान, या भाव?




_______________ _______________

(ग) वर्णों का क्रम बदलकर चित्र का सही नाम लिखिए|



ज म ह ता ल _______________

**प्रश्न 4 उचित विकल्प का चयन कीजिए - 2X1=2**

(क) 'सुंदर पास-पड़ोस बनाओ' कविता के अनुसार हमें जीवन में आगे बढ़ने की सीख किससे मिलती है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | कलियाँ | ii. | पर्वत |
| iii. | पेड़ | iv. | नदियाँ |

(ख) घड़ी का बटन दबाते ही बच्चे भारत के किस गाँव में पहुँच गए?

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | केरल | ii. | तमिलनाडु |
| iii. | कर्नाटक | iv. | आंध्रप्रदेश |

**प्रश्न 5** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **2X2=4**

(क) बच्चों को गाँव के लोग कैसे लगे?

(ख) 'जब तक दम बाकी हो' तब तक हमें क्या करते रहना चाहिए?

**प्रश्न 7** **'हमने की सफ़ाई' विषय पर 45-50 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए|** **4X1=4**

DPS GANDHINAGAR

# HALF YEARLY EXAM REVISION

**खण्ड (क)**

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **7X1=7**

हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर है। मोर देखने में बहुत ही सुंदर और आकर्षक होता है। इसके सिर पर एक सुंदर कलगी होती है। मोर के पंख लंबे और रंग-बिरंगे होते हैं। जब आसमान में काले बादल छा जाते हैं, तो मोर अपने पंख फैलाकर नाचने लगता है। मोर का नृत्य सभी को बहुत भाता है। मोर की आवाज़ बहुत सुरीली होती है, और इसकी सुंदरता बहुत निराली होती है।मादा मोर को मोरनी कहते हैं। मोरनी के पंख मोर जितने सुंदर नहीं होते। मोर किसानों का मित्र भी कहलाता है क्योंकि यह खेतों में साँपों और कीड़ों को खाकर फसलों की रक्षा करता है। हमें इस सुंदर पक्षी की रक्षा और सम्मान करना चाहिए।

(क) हमारा राष्ट्रीय पक्षी कौन-सा है?

i. 

ii. 

iii. 

iv. 

(ख) इसके सिर पर एक सुंदर कलगी होती है| इस वाक्य में 'इसके' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

(ग) आसमान में काले बादल देखकर हमारा राष्ट्रीय पक्षी क्या करने लगता है?

(घ) हाथी की मादा को हथिनी कहेंगे, तो मोर की मादा को क्या कहेंगे?

(ड.) मोर साँपों और कीड़ों को खाकर किसकी रक्षा करता है?

i. स्वयं की

ii. किसान की

iii. फसलों की

iv. किसी की भी नहीं

DPS GANDHINAGAR

(च) हमें इस सुंदर पक्षी की रक्षा और सम्मान करना चाहिए। इस वाक्य में विशेषण शब्द कौन-सा है?

i. हमें ii. सुंदर

iii. पक्षी iv. सम्मान

(छ) मोर किसानों का मित्र भी कहलाता है- इस वाक्य में से कोई दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए|

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 5X1=5**

सूरज आता रोज़ सवेरे,
दूर भगाता प्यारे अँधेरे।
मीठी-मीठी धूप बिखेरता,
जग को नया सवेरा देता।
सुबह हमें जल्दी उठना चाहिए,
दाँतों को अपने साफ़ करना चाहिए।
कसरत और व्यायाम करें,
स्वस्थ रहें और सदा खुश रहें।

(क) पद्यांश के अनुसार अँधेरे दूर भगाने के लिए रोज़ कौन आता है?

i. सवेरा ii. प्यारे

iii. सूरज iv. बल्ब

(ख) सूरज अगर धूप नहीं बिखेरता तो हमेशा क्या रहता?

i. अँधेरा ii. रोशनी

iii. प्रकाश iv. सवेरा

(ग) हमें किस समय जल्दी उठना चाहिए?

(घ) स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

(ङ.) 'पास' शब्द का विलोम शब्द लिखिए|

**<u>खण्ड (ख)</u>**

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर समझकर लिखिए :- 3X1=3**

DPS GANDHINAGAR

(क) शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध हो उसे पुल्लिंग कहते हैं| शब्द से अगर स्त्री जाति का बोध हो, तो उसे क्या कहते हैं?


(ख) गायक का उत्तर गायिका है तो लेखक का उत्तर क्या होना चाहिए?

(ग) छात्रा गृहकार्य कर रहा है| रेखांकित शब्द बदलकर सही वाक्य लिखिए|

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए - 4X1=4**

(क) चित्र को पहचानकर उसका सही बहुवचन रूप लिखिए|

i.  चिड़ियाँ चिड़ियाएँ

ii.  तितलीयाँ तितलियाँ

(ख) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए -

i. मेरा ____________ नया है| ( बस्ते/बस्ता )

ii. मैंने सारी ____________ बस्ते में रख दी हैं| ( पुस्तक/पुस्तकें )

**प्रश्न 5 चित्र को देखकर उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कीजिए - 4X1=4**



DPS GANDHINAGAR

(क) आसमान में एक सूरज है| _________ तेज़ी से चमक रहा है| ( वे, वह, तुम )

(ख) ___________ सभी बच्चे मस्ती से खेल रहे हैं| ( मेरा, हम, इसे )

(ग) सभी बच्चे _________ अच्छे दोस्त हैं| ( तुम्हें, आप, मेरे )

(घ) राधा _________ बहन को भी लेकर आई है| ( अपने, कुछ, अपनी)

**प्रश्न 6 नीचे लिखी कहानी में से कोई चार विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए - 4X1=4**

एक गर्म दिन, रोहन ठंडा पानी पीने के लिए नीले तालाब के पास गया। तालाब में रंगीन मछलियाँ तैर रही थीं। अचानक, उसे एक चालाक लोमड़ी दिखाई दी, जो मीठे जामुन खाना चाहती थी। लेकिन पेड़ बहुत ऊँचा था। तभी वहाँ एक मोटा और दयालु भालू आया। भालू ने लंबी लकड़ी की मदद से पके हुए मीठे जामुन गिरा दिए। लोमड़ी ने सारे जामुन खा लिए और खुश होकर चली गई।

**<u>खण्ड (ग)</u>**

**प्रश्न 7 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 3X1=3**

पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो

कितना ही हो सिर पर भार|

नभ कहता है फैलो इतना

ढक लो तुम सारा संसार|

(क) धैर्य न छोड़ने के लिए कौन कह रहा है?

(ख) नभ हमें किसे ढकने की बात कह रहा है?

(ग) शरीर के अंग का नाम जिस पंक्ति में आया है,उस पंक्ति को छाँटकर लिखिए|

**प्रश्न 8 सही विकल्प का चयन कीजिए :- 3X1=3**

(क) रवि को स्कूल से कौन-सा गृहकार्य मिला था?

i. सुंदर घर बनाने का ii. अलग-अलग रंग बनाने का

DPS GANDHINAGAR

iii. स्वादिष्ट खाना बनाने का    iv. सुंदर चित्र बनाकर रंग भरने का

(ख) रंग बनाने का तरीका रवि को किसने सिखाया?

i. अध्यापिका ने    ii. माँ ने

iii. दादी ने    iv. उसकी बहन ने

(ग) कथन - रवि तुमने अनोखा चित्र बनाया है|

कारण - उसने चित्र में रंगों का ध्यान नहीं रखा था|

i. कथन और कारण दोनों सही हैं|    ii. कथन और कारण दोनों गलत हैं|

iii. कथन सही है किंतु कारण गलत है|    iv. कथन गलत है, किंतु कारण सही है|

**प्रश्न 9** **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **2X2=4**

(क) माँ रवि को कहाँ और क्यों लेकर गई?

(ख) मम्मी-पापा नेहा को कैसा इनसान बनाना चाहते थे?

(ग) नभ का क्या संदेश है?

**प्रश्न 10** **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5X1=5**

मेरी मम्मी का नाम सरिता है| वे घर का हर काम इतनी अच्छी तरह से करती हैं कि कोई देखकर हैरान रह जाए| वे रसोई में काम करते समय मसालों और दालों को छूकर और सूँघकर पहचान लेती हैं| एक दिन मैंने पूछा, “मम्मी, आपको कैसे पता चलता है कि नमक कितना डालना है?” मम्मी मुसकराई और बोलीं, मन से जो बनाओ, उसमें हर चीज़ सही बन जाती है|”

(क) मम्मी का काम देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। यह वाक्य सत्य है या असत्य है?

(ख) नेहा ने अपनी माँ से क्या पूछा?

(ग) रसोई में काम करते समय मम्मी मसालों को कैसे पहचानती हैं?



DPS GANDHINAGAR

i. चखकर और देखकर ii. छूकर और सूँघकर

iii. पूछकर और पढ़कर iv. अंदाज़े से

(घ) मम्मी के अनुसार हर चीज़ सही कब बनेगी?

i. जब ईश्वर की मर्ज़ी होगी| ii. जब ज़्यादा मसाले होंगे|

iii. जब मन से बनाओगे| iv. जब माँ का साथ होगा|

(ड.) मेरी मम्मी का नाम सरिता है - इस वाक्य में 'सरिता' शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है?

**<u>खण्ड (घ)</u>**

**प्रश्न 11 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :- 3X1=3**

i. मसलना ii. प्यार iii. शीश

**प्रश्न 12 नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40 से 45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए :- 1X5=5**



DPS ... NAGAR

# TERM - 2

## *SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY (SEA)*

**नाट्य-अभिनय**(SEA-2)

**संवाद - 4 अंक**

**विषयवस्तु - 4 अंक**

**समग्र प्रभाव - 2 अंक**

## *ART INTEGRATED LEARNING (AIL)*

**स्वास्थ्य का पेड़ बनाइए| (pg no.126)**

**अंक विभाजन -**

**पत्ता बनाना - 5 अंक**

**पत्ते पर अच्छी आदत लिखना - 5 अंक**

## Worksheet - II

**चित्रों में रंग भरिए और गिनकर संख्या अंकों में लिखिए। (Page No. - 64)**

DPS GANDHINAGAR

## पाठ - 8 बादल रोने लगा





1 दिए गए पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(CASE BASED)**

एक गाँव की चौपाल में कई आदमी जमा थे। सभी के चेहरों पर उदासी छाई हुई थी। इस साल पानी न बरसने के कारण सूखे की स्थिति बन गई थी। इसलिए परेशान किसान सरकार से मदद की माँग करने वहाँ आए थे।

(क) कई आदमी कहाँ पर जमा थे?

(i) घर में (ii) बगीचे में

(iii) गाँव की चौपाल में (iv) नदी के किनारे

(ख) सभी के चेहरों पर उदासी क्यों छाई हुई थी?

(i) सूखे के कारण (ii) गरमी के कारण

(iii) बाढ़ के कारण (iv) तूफ़ान के कारण

(ग) परेशान किसान किससे मदद की माँग करने वहाँ आए थे?

(i) भगवान से (ii) राजा से

(iii) दोस्तों से (iv) सरकार से

(घ) सूखे की स्थिति कब बनती है?

(i) जब बहुत पानी बरसता है| (ii) जब पानी नहीं बरसता है|

(iii) जब तूफ़ान आता है| (iv) जब बादल गरजते हैं|

DPS GANDHINAGAR

3 धरती पर हरियाली लाने के लिए बादल ख़ुशी-ख़ुशी किसके साथ चल दिया?

(i) दूसरे बादल के साथ (iii) सूरज के साथ

(iii) हवा के साथ (iv) बिजली के साथ

4 अरे! तुम रो क्यों रहे हो ? किसने किससे कहा ?

5 चित्र देखकर बताइए कि बादल के बरसने से कौन-सा परिवर्तन नहीं हुआ? सही उत्तर चुनिए| **(PICTURE BASED)**





(i) खेत सूख गए| (ii) चारों तरफ हरियाली छा गई|

(iii) किसान हल चलाने लगे| (iv) खेतों में फसलें उग गईं|

## पाठ - 10 नई सोच





1 कविता 'नई सोच' के अनुसार न्यूटन कहाँ पर लेटा हुआ था?

(i) पेड़ के नीचे (ii) मैदान में

(iii) घर में (iv) कमरे में

2 नीचे एक कथन और एक कारण दिया गया है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन- “पका हुआ फल डाल से टूटकर नीचे गिर गया|”

कारण- क्योंकि धरती का गुरुत्व-आकर्षण उसे नीचे खींच रहा था|

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iii) कथन सही है किंतु कारण गलत है|

(iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है|

**3** लकीर से हटकर’- इस वाक्यांश के सही अर्थ का विकल्प चुनिए-

(i) लाईन बनाना| (ii) चित्र बनाना|

(iii) सबसे अलग काम करना| (iv) सभी विकल्प सही हैं|


4 जब भी कोई चीज़ हम हाथ से छोड़ते हैं तो वह नीचे गिर जाती है। धरती किसके कारण चीज़ों को अपनी ओर खींचती है?

5 “खोज निकाला उसने धरती का गुरुत्व-आकर्षण” इस वाक्य में ‘उसने’ शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

(i) 

(ii) 

(iii) 

(iv) 

## पाठ- 11 जंगल में स्कूल








DPS GANDHINAGAR

1 पाठ 'जंगल में स्कूल' में सारे जानवर साथ मिलकर क्या कर रहे थे?


(i) खेल रहे थे| (ii) बातें कर रहे थे|

(iii) पढ़ रहे थे| (iv) झूल रहे थे|

2 "छिपकली झट से दीवार पर चढ़ गई" - इस वाक्य में संज्ञा शब्द कौन-कौनसे हैं?



3 सबसे पहले किसने परीक्षा का विरोध किया?

(i)  (ii) 

(iii)  (iv) 

DPS GANDHINAGAR

4 'जंगल में परीक्षा' पाठ में निम्न में से किस जानवर का नाम नहीं आया है?

(i) हाथी (ii) ऊँट

(iii) शेर (iv) खरगोश

5 दिए गए पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(CASE BASED)**

स्कूल से लौटते हुए सब सोच में पड़ गए। परीक्षा के कारण उनके चेहरे चिंता से भर गए। तनाव और भय के कारण वे हँसना-गाना भूल गए। वे एक-दूसरे से बेवज़ह तुलना करने लगे। हताशा से भरा हर कोई एक-दूसरे से दूर-दूर चलने लगा।

(क) सब जानवरों के चेहरे चिंता से क्यों भर गए?

(i) परीक्षा के डर से (ii) तेज़ बारिश के डर से

(iii) शिकारी के डर से (iv) दूसरे जानवरों के डर से

(ख) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए -

तनाव और _______ के कारण वे हँसना-गाना भूल गए। ( भय / हताशा )

(ग) “स्कूल से लौटते हुए सब सोच में पड़ गए।” वाक्य में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए।

## पाठ - 12 मौसम और स्वास्थ्य




1 हम गरमियों में बहुत सारी चीजें खाते हैं। गर्मी के मौसम में इनमें से कौनसी चीज़ ज़्यादा नहीं खानी चाहिए?

(i) ताज़े फल (ii) छाछ

(iii) अदरक (iv) आम पन्ना

2 नीचे एक कथन और एक कारण दिया गया है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन (A):सर्दी के मौसम में हमें अपने खान-पान में गरम तासीर वाली चीजों और सूखे मेवों को शामिल करना चाहिए।

कारण (R):मौसम के अनुसार उचित आहार लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है और हम मौसमी बीमारियों से बचे रहते हैं।

(क) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(ग) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

(घ) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

3 शरीर को ठंड से बचाने के लिए गरम पदार्थ; जैसे- अदरक,______ और तुलसी आदि का संतुलित सेवन करना चाहिए। सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए|

(i) शहद (ii) पानी

(iii) छाछ (iv) शरबत

4 नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर बताइए कि इस मौसम में खुद को स्वस्थ रखने के लिए हमें मुख्य रूप से क्या करना चाहिए? **(PICTURE BASED)**



(i) गरम कपड़े पहनने चाहिए|

(ii) रेनकोट का प्रयोग करना चाहिए|

(iii) गरम चीजों जैसे चाय, कॉफ़ी, अदरक का प्रयोग करना चाहिए|

(iv) ज्यादा पानी पीना चाहिए और सूती कपड़े पहनने चाहिए|

5 जब मौसम बदलता है तो वायरस और बैक्टीरिया को जल्दी फैलने से रोकने के लिए हमें क्या नहीं करना चाहिए?

(i) मौसम के अनुसार आहार लेना चाहिए| (ii) हाथ साफ़ रखने चाहिए|

(iii) गरमियों में गरम चीज़ें खानी चाहिए| (iv) सर्दियों में गरम चीज़ें खानी चाहिए|

6 "मुझे कड़वी दवा पसंद नहीं है"- वाक्य में से विशेषण शब्द चुनकर लिखिए।

## पाठ - 14 सबसे बड़ा पत्ता





DPS GANDHINA

| | | |
|---|---|---|
| 1 | "महाराज गोपाल की बातों से बहुत **खुश** हुए।"- वाक्य में 'खुश' की जगह कौन-सा शब्द आ सकता है? | |
| | (i) दुखी | (ii) प्रसन्न |
| | (iii) रूखे | (iv) सम्मानित |
| 2 | गोपाल किस पत्ते को सबसे बड़ा मान रहा था? | |
| | (i) केले के | (ii) अरबी के |
| | (iii) नीम के | (iv) पान के |
| 3 | नीम को आयुर्वेद में 'दिव्य औषधि' माना जाता है। नीम के पेड़ के कौन-कौनसे भाग औषधि के रूप में प्रयोग किए जा सकते हैं? | |
| | (i) पत्ते | (ii) फल |
| | (iii) छाल | (iv) ये सभी |
| 4 | "सबसे बड़ा पत्ता किसका होता है?" यह प्रश्न किसने और किससे पूछा ? | |
| 5 | दिए गए पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(CASE BASED)** | |
| | महाराज, मुझे लगता है कि सबसे बड़ा पत्ता नीम का पत्ता है। नीम के पत्ते में बहुत-से गुण होते हैं। ये हर बीमारी में मदद करते हैं। लोग नीम के पत्ते का उपयोग दवा के रूप में करते हैं। ये पत्ते सस्ते होते हुए भी बहुत फ़ायदे वाले होते हैं। नीम का पत्ता न केवल इनसानों के लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी फ़ायदेमंद है।" | |
| (क) | महाराज, मुझे लगता है कि सबसे बड़ा पत्ता नीम का पत्ता है। किसने,किससे कहा? | |
| (ख) | हम लोग नीम के पत्ते का उपयोग किस रूप में कर सकते हैं? | |
| | (i) दवा के रूप में | (ii) खिलौने के रूप में |
| | (iii) कागज़ के रूप में | (iv) कपड़े के रूप में |
| (ग) | नीम के पत्ते हमारे लिए किस चीज़ में मदद करते हैं? | |
| | (i) बीमारी में | (ii) रंग बनाने में |

DPS GANDHINAGAR

(iii) चित्रकारी में (iv) तेज़ दौड़ने में

5 नीचे एक कथन और एक कारण दिया गया है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन- "सबसे बड़ा पत्ता नीम का पत्ता है|"

कारण- क्योंकि नीम के पत्ते में बहुत से गुण होते हैं|

(ii) कथन सही है किंतु कारण गलत है|

(iiii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iiiiii) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(iviv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है

## हिंदी व्याकरण

### क्रिया



1 माली पौधों को पानी दे रहा है। पौधे हवा से हिल रहे हैं। रेखांकित शब्द किसी काम के करने या होने के बारे में बता रहे हैं, ऐसे शब्दों को क्या कहते हैं?

2 "मैं अभी बाज़ार जा रहा हूँ।" वाक्य में क्रिया शब्द को रेखांकित कीजिए|

(i) मैं (ii) अभी

(iii) बाज़ार (iv) बजा रहा हूँ|

3 उन शब्दों को गोला कीजिए, जो क्रिया शब्द नहीं हैं-

क. बैठना वर्षा बजाना

ख.	उसका	हँसना	जाना

ग.	गिनती	चलना	लिखना

**4**	क्रिया का सही रूप लिखकर वाक्य पूरे कीजिए :-

क.	रविवार को हम पिकनिक मनाने _______ । (जाना)

ख.	हर वर्ष मैं अपना जन्मदिन धूमधाम से _________ । (मनाना)

5	चित्र देखकर वाक्य पूरे कीजिए- **(PICTURE BASED)**


क.	अंकित अपना मुँह __________________________ ।



ख.	बच्चे मैदान में ____________________________ ।



ग.	राधिका कहानियों की किताब ____________________ ।



<u>**पर्यायवाची शब्द**</u>




DPS GANDHINAGAR

1 चित्र को देखकर जो शब्द पर्यायवाची नहीं है, उसे रेखाँकित कीजिए- **(PICTURE BASED)**

क.  गगन    गुरु    आकाश

ख.  धरती    पत्र    चिट्ठी

ग.  पवन    पुष्प    सुमन

घ.  सूर्य    दिवाकर    नेत्र

2 चित्र देखकर दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- **(PICTURE BASED)**

क.  ______________ ______________

ख.  ______________ ______________

ग.  ______________ ______________

3 वाक्य में रेखाँकित शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए-

क. मछली **जल** में तैर रही है ।

ख. आसमान में काले-काले **बादल** छा गए ।

4 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिये-

समान अर्थवाले शब्दों को ______________ शब्द कहते हैं। (पर्यायवाची / विलोम )

5 चित्र को देखकर वाक्यों की पूर्ति कीजिए- **(PICTURE BASED)**

DPS GANDHINAGAR

क.  _______ पेड़ पर बैठा है । (खग / पवन)



ख.  बच्चे __________ में पढने जा रहे हैं । (भवन / विद्यालय)




ग.  बाग में सुंदर - सुंदर ________खिले हैं । (खग / पुष्प)



## <u>विलोम शब्द</u>



खुश                    दुखी

**1  रेखांकित शब्दों के उलटे अर्थ वाले शब्द लिखकर वाक्यों को दोबारा लिखिए-**

(क)  किशन **<u>भला</u>** व्यक्ति है।

(ख)  हमारी टीम मैच **<u>हार</u>** गई।

(ग)  मोहित ने **<u>नए</u>** जूते पहने हैं।

**2  चित्रों को देखकर विलोम शब्दों के जोड़े लिखिए-** (PICTURE BASED)

(क)



________  ________

(ख) 

_________ _________

**3 सही विलोम शब्द पर गोला लगाइए -**


(क) सच - साथी, झूठ, काला

(ख) मित्र - दोस्त, सखा, शत्रु

(ग) सरल - कठिन, साफ़, छोटा

(घ) सीधा - ऊपर, गीला, उलटा

**4 चित्र देखकर सही विलोम शब्द को चुनिए-** (PICTURE BASED)

(क) 


नीचे ऊपर बाहर

(ख) 


काला छोटा पक्षी

**(5) नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और एक कारण दिया गया है। इन्हें ध्यान से पढ़ें और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**कथन (A):** 'दिन' शब्द का विलोम शब्द 'रात' होता है।

**कारण (R):**विलोम शब्द वे शब्द होते हैं जो एक-दूसरे का उल्टा या विपरीत अर्थ बताते हैं।

((ii) कथन सही है किंतु कारण गलत है|

(iiii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iiiiii) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(iviv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है

DPS GANDHINAGAR

# <u>अनेक शब्दों के लिए एक शब्द</u>




**1 नीचे दी गई कहानी को ध्यान से पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(CASE BASED)**

एक गाँव में रामू नाम का एक व्यक्ति रहता था। वह अपनी मेहनत से खेतों में अनाज उगाता था। रामू बहुत ही दयालु था और उसका हृदय उदार था। वह कभी झूठ नहीं बोलता था। गाँव के लोग उसका बहुत सम्मान करते थे क्योंकि वह गाँव का भला चाहने वाला व्यक्ति था। उसके पास बहुत ज्ञान था।

(क) कहानी में रामू 'खेतों में अनाज उगाता था'। अनाज उगाने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं?

(i) किसान (ii) मजदूर

(iii) व्यापारी (iv) माली

(ख) रामू कभी झूठ नहीं बोलता था। वह कैसा इंसान था?

(i) सीधा (ii) साफ़

(iii) सच्चा (iv) सरल

(ग) रामू के पास बहुत ज्ञान था, वह एक _______ व्यक्ति था ।

(i) स्वदेशी (ii) मेहनती

(iii) ज्ञानी (iv) बुरा

**2 रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए-**

(क) राजू <u>मिठाइयाँ बनाता</u> है।

(ख) मैं वही चीजें प्रयोग करता हूँ, जो <u>मेरे देश में बनी</u> हों।

(ग) गोपाल <u>मिट्टी की मूर्तियाँ बनाता</u> है।

DPS GANDHINAGAR

(घ) राधिका <u>विद्यालय में पढ़ाती</u> है ।

**3 चित्रों को देखकर बताइए कि इनका प्रयोग कौन-कौन करता है?** **(PICTURE BASED)**


________________


________________


________________

4 उचित मिलान कीजिए -

(क) जो लेखन करता है। (i) लुहार



(ख) जो लोहे का काम करता है। (ii) लेखक



(ग) जो देश की रक्षा करता है। (iii) चौकीदार



(घ) जो घर की रखवाली करता है। (iv) सैनिक



(क) _____ (ख) _____ (ग) ____ (घ) ____

5 अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग क्यों किया जाता है?

<u>अनेकार्थी शब्द</u>




DPS GANDHINAGAR

1 **नीचे दी गई कहानी को ध्यान से पढ़िए और उसमें आए रेखांकित शब्दों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (CASE BASED)**

नंदन वन में आज बहुत खुशी का माहौल था। **हार**-जीत की परवाह किए बिना सभी जानवर खेल प्रतियोगिता में **भाग** ले रहे थे। तभी आसमान में काले बादल छा गए। नदी के **तीर** के पास एक बंदर बैठा था, जो मजे से **फल** खा रहा था। अचानक बारिश शुरू हो गई, लेकिन सब खुश थे क्योंकि खेल का **फल** बहुत ही मीठा रहा।

(क) कहानी में 'हार' शब्द का प्रयोग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। 'हार' का दूसरा अर्थ क्या है जिसे गले में पहना जाता है?

(i) माला (ii) ताला

(iii) डंडा (iv) हरी

(ख) बंदर 'फल' खा रहा था। परीक्षा के बाद मिलने वाले 'फल' को क्या कहते हैं?

(i) मेहनत (ii) अंगूर

(iii) परिणाम (iv) सेब

(ग) 'तीर' का एक अर्थ बाण होता है, कहानी के अनुसार इसका दूसरा अर्थ पहचानिए-

(i) नाव (ii) तीन

(iii) किनारा (iv) धनुष

(घ) सभी जानवर खेल प्रतियोगिता में **भाग** ले रहे थे। भाग शब्द के दो अर्थ क्या-क्या हैं?

(i) हिस्सा, पराजय (ii) दौड़ना, हिस्सा

(iii) पंख, उपहार (iv) पत्र, चिट्ठी

2 **गलत अर्थ वाले शब्द को चुनिए-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | बाल - | सिर के बाल | बालक | दुनिया |
| (ख) | डाल - | दाल | पेड़ की टहनी | डालना |
| (ग) | भेंट - | उपहार | मिलना | मंदिर |
| (घ) | मगर - | मछली | परन्तु | मगरमच्छ |

3 **चित्रों को देखकर उनके लिए उपयुक्त एक शब्द लिखिए- (PICTURE BASED)**



DPS GANDHINAGAR

(क) 



_______________

(ख) 



_______________

**4 दिए गए शब्दों के अलग -अलग अर्थ लिखिए-**

(क) पात्र -

(ख) पूर्व -

(ग) आम -

(घ) जल -

**5 जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ हों, वे क्या कहलाते हैं?**

## <u>गिनती</u>




DPS GANDHINAGAR

1 **चित्रों को गिनकर संख्या को शब्दों और अंकों में लिखिए-** (PICTURE BASED)

(क)  ____________________ __________

(ख)  ____________________ __________

(ग)  ____________________ __________

(घ)  ____________________ __________

2 **अंक के सही नाम पर गोला लगाइए-**

(क) १२- नौ बारह तेईस

(ख) २१- अठारह इक्कीस बीस

(ग) ९ - नौ एक सात

(घ) ३० - तेरह तीस तीन

3 **नीचे दी गई कहानी को ध्यान से पढ़िए और उसमें आए रेखांकित संख्याओं के आधार पर प्रश्नों के उत्तर हिंदी अंकों व संख्या में दीजिए।** (CASE BASED)

राहुल का 8वाँ जन्मदिन है। उसकी माँ ने घर पर एक छोटी सी पार्टी रखी है। राहुल ने अपने 12 दोस्तों को बुलाया है। माँ ने बाज़ार से 25 गुब्बारे मँगवाए हैं ताकि घर को सजाया जा सके। पार्टी में राहुल के पिता 28 समोसे लेकर आए। मेज पर 15 लाल रंग की टोपियाँ और 15 नीले रंग की टोपियाँ रखी हैं। राहुल बहुत खुश है क्योंकि उसे उपहार में 2 नई कहानियों की किताबें मिली हैं।

(क) राहुल ने कुल कितने दोस्तों को पार्टी में बुलाया है?

DPS GANDHINAGAR

(ख) घर को सजाने के लिए कितने गुब्बारे मँगवाए गए हैं?

(i) ८ (ii) १२ (iii) २५

(ग) राहुल के पिता कितने समोसे लेकर आए? इस संख्या के ठीक बाद कौन सी संख्या आती है?

(घ) मेज पर कुल कितनी टोपियाँ हैं? लाल और नीली टोपियों को जोड़कर बताइए।

_______ + _______ = _______

**4 अंकों को शब्दों में लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए -**

(क) मेरे बैग में 10 केले हैं।

(ख) भारत 15 अगस्त को आज़ाद हुआ था।

(ग) क्रिकेट टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं।

(घ) पेड़ पर 4 तोते बैठे हैं।

**5 यदि आप ५ से शुरू करते हैं और हर बार ५ कदम आगे कूदते हैं, तो ३० तक पहुँचने के लिए आप किन संख्याओं पर पैर रखेंगे?**

५, ___, ___, ___, ___, ३०

DPS GANDHINAGAR

# PERIODIC TEST - II

# REVISION

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **4x1=4**

नदी बहती कलकल करती,
पंछी गाएँ मधुर सुर।
पेड़ों पर झूले झूलें,
बच्चे खेलें हँसते भर।
सूरज देता उजियारा,
फूलों से महके संसार।
हरियाली में मन बहलता,
प्रकृति का अनुपम उपहार।



(क) नदी कैसे बहती है?

(i) शांत (ii) कलकल करती

(iii) सूखी (iv) तेज़

(ख) पंछी क्या कर रहे हैं?

(i) बैठे हैं| (ii) गा रहे हैं|

(iii) सो रहे हैं| (iv) खेल रहे हैं|

(ग) बच्चे क्या कर रहे हैं?

(i) पढ़ रहे हैं| (ii) झूल रहे हैं|


(iii)सो रहे हैं| (iv)लिख रहे हैं|

(घ) सूरज ने क्या दिया?

(i) ठंडी हवा (ii) उजियारा

(iii) सरदी का अहसास (iv) अंधेरा

**प्रश्न 2** **मेरे <u>घर</u> में रखी <u>पुस्तक</u> में मैंने सुंदर <u>चित्र</u> भी <u>देखे।</u> दिए गए रेखांकित शब्दों में से क्रिया शब्द चुनिए-** **1x1=1**



(i) चित्र (ii) पुस्तक

DPS GANDHINAGAR

(iii) घर (iv) देखे

**प्रश्न 3** **सही क्रिया चुनकर वाक्य पूरे कीजिए -** **2x1=2**

(क) पेड़ के नीचे पानी से भरे एक टब में से मोर पानी ________________ है| ( पी रहा है / पी रही है )



(ख) सीमा के घर के बाहर मैदान है । मैदान में रोज बहुत सारे लड़के ________________ हैं| ( खेलता / खेलते )



**प्रश्न 4** **नीचे दिए गए चित्र के लिए दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -** **1x1=1**



____________ ____________

**प्रश्न 5** **सही विकल्प का चयन कीजिए -** **4x1=4**

(क) उस शब्द को चुनिए, जो बादल का पर्यायवाची है-



(i) बरसात (ii) मेघ

(iii) धरती (iv) गगन

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए जो दिए गए चित्र का पर्यायवाची नहीं है?



(i) मानव (ii) पहाड़

(iii) पर्वत (iv) गिरि

(ग) 'नई सोच' कविता के अनुसार पके फल का गिरना किससे जुड़ा है?

(i) न्यूटन से (ii) ज्ञान से

DPS GANDHINAGAR

(iii) गुरुत्व-आकर्षण से (iv) सभी से

(घ) पानी बरसता देख बच्चों ने क्या किया?

(i) खुशी से नाचने लगे|  (ii) भाग गए|

(iii) काम में लग गए|  (iv) सभी विकल्प सही हैं|

**प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x2=4**

(क) मुखिया ने लोगों को क्या बताया?

(ख) 'नई सोच' कविता के आधार पर 'सजग निरखते' का अर्थ स्पष्ट कीजिए|

**प्रश्न 7 'पेड़ हमारे मित्र' विषय पर 45-50 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए| 4x1=4**

DPS GANDHINAGAR

# ANNUAL EXAM REVISION

**खण्ड (क)**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 7x1=7**

नीलम अपने परिवार के साथ शहर में रहती थी। उसके घर के पास एक बड़ा पार्क था। हर शाम नीलम अपने छोटे भाई के साथ पार्क जाती। वहाँ बच्चे झूले झूलते, दौड़ लगाते और खेलते। पार्क में रंग-बिरंगे फूल खिले रहते थे। नीलम को गुलाब और गेंदा के फूल बहुत पसंद थे। पार्क में एक छोटा पुस्तकालय भी था, जहाँ बच्चे कहानी की किताबें पढ़ सकते थे। नीलम अक्सर वहाँ जाकर किताबें पढ़ती और अपने दोस्तों को भी कहानियाँ सुनाती। छुट्टियों में पार्क में विशेष कार्यक्रम होते थे, जिनमें बच्चे कविता पाठ और नृत्य करते थे। नीलम को पार्क बहुत अच्छा लगता था क्योंकि वहाँ उसे खेल, पढ़ाई और मनोरंजन सब कुछ मिलता था।



(क) नीलम हर शाम अपने छोटे भाई के साथ कहाँ जाती थी?

(i) स्कूल (ii) पार्क

(iii) पुस्तकालय (iv) बाज़ार

(ख) नीलम को कौन-कौन से फूल पसंद थे?

(i) सूरजमुखी और कमल (ii) नीम और आम

(iii) गुलाब और गेंदा (iv) चमेली और तुलसी

(ग) पार्क में झूलों के अलावा और क्या था?

(i) तालाब (ii) पुस्तकालय

(iii) बाजार (iv) मंदिर

(घ) नीलम अपने दोस्तों को क्या सुनाती थी?

(i) गाने (ii) कहानियाँ

(iii) कविताएँ (iv) समाचार

(ङ.) नीलम को पार्क क्यों अच्छा लगता था?

(i) वहाँ केवल फूल थे| (ii) वहाँ खेल, पढ़ाई व मनोरंजन सब था|

(iii) वहाँ केवल झूले थे| (iv) वहाँ केवल दोस्त मिलते थे|

(च) "पार्क में रंग-बिरंगे फूल खिले रहते थे।" वाक्य में विशेषण शब्द कौनसा है?

(i) पार्क (ii) रंग-बिरंगे

(iii) फूल (iv) खिले रहते थे

(छ) छुट्टियों में पार्क में क्या-क्या विशेष कार्यक्रम होते थे?

(i) कविता पाठ (ii) नृत्य

(iii) कविता पाठ और नृत्य (iv) योग

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 5x1=5**

चिड़िया चहकी पेड़ों पर,
फूल खिले हैं बाग़ों में।
नदी बहती कल-कल करती,
मधुर हवा है गाँवों में।
सूरज देता उजियारा,
चाँद बिखेरे शीतलता।
तारे टिमटिम करते नभ में,
प्रकृति देती है समता।

(क) चिड़िया कहाँ चहक रही है?

(i) पेड़ों पर (ii) खेतों में

(iii) घर में (iv) बागों में

(ख) हमें उजियारा कौन देता है?

(ग) “मधुर हवा है गाँवों में”—दी गई पंक्ति में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए-

(घ) मैं रात के समय धरती पर शीतलता फैलाता हूँ। बताओ मैं कौन हूँ?

(ङ) पद्यांश में से ‘वृक्ष’ शब्द का समानार्थी शब्द चुनकर लिखिए-

**प्रश्न 3** **दिए गए शब्दों के सामने दो-दो पर्यायवाची शब्द ढूँढकर लिखिए -** **4x1=4**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नीर | पवन | पुष्प | खग | जल | वायु | पंछी | सुमन |

(क) फूल -

(ख) पक्षी -

(ग) पानी -

(घ) हवा -

**प्रश्न 4** **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए -** **4x1=4**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मूर्तिकार | कवि | सुनार | रसोईघर | लुहार |

(क) अशोक गहने बनाने का काम करता है, वह ___________ है।




(ख) रामप्रसाद एक __________ है, वह बहुत सुन्दर मूर्तियाँ बनाता है।



(ग) दिविक रमेश ने बहुत अच्छी कविताएँ लिखी हैं, वे एक प्रसिद्ध ______ हैं।

(घ) जहाँ भोजन पकाया जाता है, उस जगह को ________ कहते हैं।



**प्रश्न 5** **चित्रों को देखकर एक ऐसा शब्द लिखिए, जिससे दोनों का अर्थ पता चल जाए-** **4x1=4**



(क)





____________

DPS GANDHINAGAR

(ख)   ____________

(ग)   ____________

(घ)   ____________

**प्रश्न 6** **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-** **3X1=3**

(क) चित्र में रंग भरिए और फूलों को गिनकर संख्या अंकों में लिखिए -



____________

(ख) बढ़ते क्रम में संख्याएँ लिखिए -

१५ ______ ______

(ग) अंकों को शब्दों में लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए-

हम २६ जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं।

## <u>खण्ड (ग)</u>

**प्रश्न 9** **निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही / गलत चुनिए-** **2X1=2**

(क) स्कूल खुलने से वन में ख़ुशी का माहौल था। (सही / गलत)

(ख) दादी माँ ने बच्चों को जानवरों के बारे में बताया| (सही / गलत)

**प्रश्न 10** **रेखांकित शब्द के स्थान पर सही शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए -** **3X1=3**

DPS GANDHINAGAR

(क) भालू ने सबसे पहले परीक्षा का विरोध किया|

(ख) सरदी के मौसम में हमें ज्यादा पानी पीना चाहिए|

(ग) गोपाल ने सबसे बड़ा पत्ता अरबी का पत्ता बताया|

**प्रश्न** 11 **दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए -** **3X1=3**

(क) राजा कृष्णदेव किसकी परीक्षा लेते थे?

(i) दरबारियों की (ii) राजाओं की (iii) बच्चों की

(ख) अगर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी हो तो हम जल्दी बीमार नहीं पड़ते। रोग- प्रतिरोधक क्षमता का क्या अर्थ है?

(i) कभी बीमार न पड़ना (ii) स्वस्थ रहना (iii) रोगों से लड़ने की ताकत

(ग) सभी जानवर किस बात से डर गए?

(i) परीक्षा से (ii) भालू से (iii) शेर से

**प्रश्न** 12 **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **3X1 =3**

"महाराज, मुझे लगता है कि सबसे बड़ा पत्ता नीम का पत्ता है। नीम के पत्ते में बहुत-से गुण होते हैं। ये हर बीमारी में मदद करते हैं। लोग नीम के पत्ते का उपयोग दवा के रूप में करते हैं। ये पत्ते सस्ते होते हुए भी बहुत फ़ायदे वाले होते हैं। नीम का पत्ता न केवल इनसानों के लिए बल्कि जानवरों के लिए भी फ़ायदेमंद है।"

(क) गोपाल के अनुसार सबसे बड़ा पत्ता किसका है?

(ख) "ये पत्ते सस्ते होते हुए भी बहुत फ़ायदे वाले होते हैं।" इस वाक्य में 'ये' शब्द किस पेड़ के पत्तों के लिए आया है?

(ग) नीम के पत्ते किस-किसके लिए फ़ायदेमंद हैं?

**प्रश्न** 13 **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **2x2=4**

(क) घर लौटते समय सभी जानवर उदास क्यों थे?

(ख) खाँसी और जुकाम जैसी समस्याओं में हमें क्या करना चाहिए?



DPS GANDHINAGAR

## **खण्ड (घ)**

**प्रश्न 14** **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए -** **4x1=4**


(i) अव्यय

(ii) तरु

(iii) उद्‌यम

(iv) दरबार

**प्रश्न 15** **नीचे दिए चित्र का वर्णन 40 से 45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए -** **1x4=4**



DPS GANDHINAGAR